आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

● वर्ष- 15 अंक 309 ● कटनी ● गुरुवार, 16 दिसम्बर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-13 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें

WWW.yashbharat.co.in

## लोकसभा में हंगामा, राहुल गांधी ने की अजय मिश्रा टेनी के इस्तीफे की मांग

नई दिल्ली। लखीमपुर खीरी मामले में एसआईटी की जांच रिपोर्ट को देखते हुए विपक्षी दलों ने केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी को पद से हटाने का दबाव बढ़ा दिया है। लखीमपुर में किसानों की सुनियोजित हत्या की एसआईटी रिपोटज़् का हवाला देते हुए विपक्षी दलों ने आरोपित के पिता अजय मिश्रा को बर्खास्त करने की मांग को लेकर भारी हंगामा करते हुए सदन की कायज़्वाही ठप कर दी। इस मुद्दे पर विपक्ष गुरुवार को सड़कों पर उतेगा। कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दल मांग कर रहे हैं कि मोदी सरकार से बर्खास्त कर दिया जाए।

## फटाफट खबरें

### कुछ दिन साथ रहने का मतलब लिव-इन नहीं, पंजाब-हाईकोर्ट



**एजेंसी।** पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान यह स्पष्ट कर दिया कि अगर दो व्यस्क आपसी सहमति से कुछ दिन साथ रहे तो इसका अर्थ यह नहीं कि वे वास्तव में लिव-इन रिलेशनशिप में हैं। उच्च न्यायलय का कहना कि कोई कपल कितने लंबे समय से साथ रह रहा है और साथ में वह सामने वाले के लिए अपने कतज़्व्यों का पालन कर रहा है, जिम्मेदारी उठा रहा है या नहीं, इन सबसे मिलकर ही कोई रिश्ता शादी के समान होता है। हाई कोटज़् के जज मनोज बजाज ने यमुनानगर जिले के एक कपल की ओर से फाइल की गई याचिका को खारिज करते हुए यह आदेश दिया। इस कपल ने अपने परिवार से सुरक्षा की मांग करते हुए हाई कोटज़् में अजीज़् दी थी। टीओआई की खबर के मुताबिक, यह कपल पिछले कुछ दिनों से ही लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहा था। हाई कोटज़् ने इस तरह की अजीज़् दायर करने के लिए इस जोड़े पर 25 हजार रुपये का जुमानज़् भी लगाया।

### खंडवा से इंदौर जा रही बस इंदौर-इच्छापुर मार्ग पर दुर्घटनाग्रस्त



**खंडवा।** इंदौर इच्छापुर राजमागज़् पर गुरुवार को खंडवा से इंदौर जा रही जैन सविज़्स की बस दुघज़्टनाग्रस्त हो गई। बताया जाता है कि बस का स्टेरिंग फेल हो गया था। ड्राइवर की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। हालांकि घटना के बाद ड्राइवर बस को छोड़कर भाग गया था। दुर्घटना में किसी को भी चोट नहीं आई है। गुरुवार को सुबह करीब 8 बजे खंडवा से सवारी लेकर इंदौर के लिए जैन सविज़्स की बस रवाना हुई थी। खंडवा से करीब 25 किलोमीटर दूर रोशिया फटे के पास बस का स्टेरिंग फेल हो गया यह देख ड्राइवर ने बस को जंगल की तरफ मोड़ दिया। कुछ दूरी पर एक रेत के ढेर पर उसने बस चढ़ा दी। इससे सभी यात्रियों की जान बच गई और बड़ा हादसा टल गया। बस में सवार यात्री टोनी सतवानी निवासी सिंधी कालोनी ने बताया कि दुघज़्टना की बात बस ड्राइवर मौके से फरार हो गया।

### पारिवारिक विवाद में पिता-पुत्र ने फंदे से लटककर की खुदकुशी

**एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां गुलरिहा थाना क्षेत्र के सरहरी चौकी अंतगज़्त ग्रामसभा ठाकुरपुर नंबर एक टोला गढहिया में बुधवार रात 10 बजे के करीब परिवारिक विवाद में बाप- बेटे ने फंदे से लटक कर जान दे दी। 112 नंबर सूचना पर गुलरिहा थाना व सरहरी पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमाटज़्म के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया।




## 24 घंटे में संक्रमण के 7974 मामले, मृतकों की संख्या ने बढ़ाई चिंता

**एजेंसी।** ओमिक्रॉन के खतरे के बीच कोरोना के मामलों ने एक बार फिर से डराना शुरू कर दिया है। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा गुरुवार को जारी आंकड़े के अनुसार बीते 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के 7,974 मामले सामने आए हैं और 343 लोगों की मौत हो गई है। आंकड़े के अनुसार आज मृतकों की संख्या कल से 96 अधिक है। वहीं इस दौरान 7,948 लोग स्वस्थ भी हुए। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार देश में अब कुल 87,245 सक्रिय मरीज बचे हैं। देश में अब तक कुल 3,41,54,879 लोग स्वस्थ हो चुके हैं। वहीं कुल मृतकों की संख्या की बात करें तो यह 4,76,478 हो गई है। देश में अब तक टीके की कुल 135 करोड़ से अधिक खुराक दी जा चुकी हैं।देश में केरल में सबसे अधिक मामले केरल में बीते 24 घंटे में कोरोना के 4006 मामले सामने आए हैं और 125 लोगों की मौत हो गई। केरल में दो दिनों के भीतर मामलों में 2000 से अधिक की वृद्धि देखी जा रही है।



## जब पीएम नरेंद्र मोदी ने दिव्यांग महिला के छुए पैर

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दो दिवसीय वाराणसी दौरा ऐतिहासिक रहा। पीएम मोदी ने 13 दिसंबर को भव्य काशी विश्वनाथ धाम का लोकार्पण किया। इसके बाद 14 दिसंबर की शाम रवानगी से पहले तक एक के बाद एक कई कार्यक्रमों में शामिल हुए। पीएम मोदी के वाराणसी दौरे के दौरान ऐसे कई वाकये हुए जिन्होंने पूरे देश का दिल जीत लिया। फिर चाहे वो प्रोटोकॉल तोड़कर बुजुर्ग के हाथों सिर पर पगड़ी पहननी हो या गोदौलिया में आम लोगों के बीच पहुंचकर बच्चे से लाड़ जताना। उनके इन कार्यों का वीडियो खूब वायरल हुआ। लेकिन आज हम आपको पीएम मोदी की ऐसी तस्वीर दिखाते हैं जिसे देखकर आपका दिव भर जाएगा।इस तस्वीर में प्रधानमंत्री एक दिव्यांग महिला का पैर छूते दिख रहे हैं। साथ में सीएम योगी भी खड़े हैं। दरअसल, प्रधानमंत्री काशी विश्वनाथ धाम का लोकापज़्ण करने पहुंचे थे। इसी दौरान धाम परिसर में वो वाराणसी की एक दिव्यांग महिला से मिले। महिला ने पीएम मोदी का चरण स्पशज़् करना चाहा।



## सरकारी बैंकों मेंआज और कल हड़ताल है

**नई दिल्ली।** एक ओर मोदी सरकार तमाम सरकारी बैंकों का निजीकरण करने की योजना बना रही है, वहीं दूसरी ओर सरकारी बैंकों के 9 लाख कमज़्चारी सरकार के इस फैसले के खिलाफखड़े हो गए हैं। कमज़्चारियों ने निजीकरण के खिलाफ पूरे देश में 16 और 17 दिसंबर को देशव्यापी हड़ताल करने का फैसला किया है। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के प्रदेश संयोजक महेश मिश्रा ने विज्ञप्ति जारी कर बताया की इस हड़ताल में सावज़्जनिक क्षेत्र की 4,000 से भी अधिक शाखाओं के कर्मचारी शामिल होंगे। महेश मिश्रा बताते हैं कि सरकार संसद के इसी सत्र में एक ऐसा कानून ला रही है, जिससे भविष्य में किसी भी सरकारी बैंक के निजीकरण का रास्ता साफ हो जाएगा। निजीकरण होने से सबसे अधिक दिक्कत कमज़्चारियों को ही होगी। ऐसे में ही बैंक कमज़्चारी और तमाम अधिकारी सरकार के खिलाफ लामबंद हो गए हैं और 16-17 दिसंबर को देशव्यापी हड़ताल कर रहे हैं।










## पीएम मोदी ने वीरों को किया नमन

नई दिल्ली। विजय दिवस की 50वीं वर्षगांठ पर पीएम मोदी ने वीरों को नमन किया। उन्होंने कहा कि मैं मुक्तिजोद्धों, वीरांगनाओं और भारतीय सशस्त्र बलों के वीरों द्वारा महान वीरता और बलिदान को याद करता हूं। हमने साथ मिलकर दमनकारी ताकतों से लड़ाई लड़ीं और उन्हें हराया। बांग्लादेश में राष्ट्रपति कोविंद की उपस्थिति प्रत्येक भारतीय के लिए विशेष महत्व रखती है। राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पहुंचे पीएम मोदी, स्वर्णिम विजय मशालों के समारोह में लिया भाग16 दिसंबर 1971 की ऐतिहासिक जीत की खुशी आज भी हर देशवासी के मन को उमंग से भर देती है। इस दिन को हमलोग विजय दिवस के रूप में मनाते हैं। इसी दिन भारत ने पाकिस्तान के दांत खट्टे किए थे। 16 दिसंबर का दिन सैनिकों के शौयज़् को सलाम करने का दिन है। इस मौके पर आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर स्वणिज़्म विजय मशालों के स्वागत समारोह में शामिल होंगे। पिछले साल प्रधानमंत्री द्वारा प्रज्वलित इन चार मशालों को देश भर में सियाचिन से कन्याकुमारी, अंडमान निकोबार से लोंगेवाला, रण कच्छ और अगरतला तक घुमाया गया था।

# हमने मिलकर लड़ाई लड़ी और जीत मिली...



**नई दिल्ली। आज का दिन भारतीय सुरक्षा बलों के साहस और पराक्रम को याद करने का दिन है। 16 दिसंबर को ही भारतीय फौज के सामने पाकिस्तान ने सरेंडर कर दिया था।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1971 के भारत-पाक युद्ध में शहादत देने वाले भारतीय सशस्त्र बलों के जवानों के पराक्रम और बलिदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अपिज़्त की है।उन्होंने एक ट्वीट में कहा, '50वें विजय दिवस पर मैं मुक्तियोद्धाओं, वीरांगनाओं और भारतीय सशस्त्र बलों के वीर जवानों की वीरता और बलिदान को याद करता हूं। साथ मिलकर हमने दमनकारी ताकतों से लड़ाई लड़ी और विजय हासिल की। ढाका में राष्ट्रपति जी की उपस्थिति प्रत्येक भारतीय के लिए विशेष महत्व रखती है।'राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद 50वें विजय दिवस पर आयोजित समारोहों में भाग लेने बांग्लादेश गए हैं। 1971 में आज ही के दिन पूवीज़् पाकिस्तान के चीफ माशज़्ल लॉ एडमिनिस्ट्रेटर लेफ्टिनेंट जनरल आमिर अब्दुल्ला खान नियाजी और पूवीज़् पाकिस्तान में स्थित पाकिस्तानी सैन्य बलों के कमांडर ने बांग्लादेश के गठन के लिए 'इंस्ट्रूमेंट ऑफसरेंडर' पर हस्ताक्षर किए थे। नियाजी ने ढाका में भारतीय और बांग्लादेश बलों का प्रतिनिधित्व कर रहे जगजीत सिंह अरोरा की उपस्थिति में ये हस्ताक्षर किए थे। 1971 में 9 महीने तक चले युद्ध के बाद बांग्लादेश अस्तित्व में आया।



## कुलगाम मुठभेड़ में दो आतंकियों का सफाया

### सुरक्षा बल मोर्चे पर अभियान जारी

**श्रीनगर।** दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले के रेडवानी बाला इलाके में कल देर रात से चल रही मुठभेड़ में अब तक दो आतंकियों का सफाया कर दिया गया है। उनकी शिनाख्त की जा रही है। अभी जवान मोर्च पर हैं। अभियान जारी है। इससे पहले सुबह दक्षिणी कश्मीर के पुलवामा जिले में सुरक्षा बलों ने आतंकी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन के मोस्ट वांटेड दहशतगदज़् फिरोज अहमद डार को मार गिराया।

ए प्लस कैटगरी का यह आतंकी इलाके में 2017 से सक्रिय था और कई आतंकी वारदातों में शामिल था। मारे गए आतंकी के पास से एक एके राइफल, 3 मैगजीन और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई है। पुलिस ने बताया कि जिले के उजरामपथरी गांव में आतंकी की मौजूदगी की सूचना पर मंगलवार की देर रात इलाके की घेराबंदी कर सुरक्षा बलों की ओर से तलाशी अभियान चलाया गया।आतंकी ने फायरिंग कर भागने की कोशिश कीघेरा सख्त होने पर एक मकान में छिपे आतंकी ने फायरिंग कर भागने की कोशिश की, लेकिन सुरक्षा बलों ने इसे नाकाम कर दिया। एसओपी का पालन करते हुए आतंकी को कई बार आत्मसमपज़्ण करने के लिए कहा गया लेकिन वह जवानों पर फायरिंग करता रहा। जवाबी कारज़्वाई से शुरू हुई मुठभेड़ में उसे मार गिराने में सफलता मिली।ए प्लस कैटेगरी का आतंकी थापुलिस के अनुसार मारे गए आतंकी की शिनाख्त शोपियां के हेफ शिरमाल निवासी फिरोज अहमद डार के तौर पर हुई जो ए प्लस कैटेगरी का आतंकी था। हिजबुल मुजाहिदीन का यह आतंकी 2017 से सक्रिय था। आईजी विजय कुमार के अनुसार फिरोज का मारा जाना सुरक्षा बलों के लिए बड़ी सफलता है।



### पश्चिम गोदावरी में 47 यात्री लेकर जा रही बस नहर में गिरी

## आंध्र प्रदेश में बस हादसे में 5 महिलाओं सहित 9 की मौत

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के पश्चिम गोदावरी जिले में बुधवार को एक बस जलेरू वागु नहर में जा गिरी। स्टेट रोड ट्रांसपोटज़् कॉपोरेशन की बस में हादसे के समय 47 यात्री सवार थे। हादसे में 5 महिलाओं सहित 9 लोगों की मौत हो गई है। साथ ही 22 यात्री गंभीर रूप से घायल हुए हैं। हादसा जंगारेड्डीगुडेम मंडल के जिलेरुवागु में हुआ। बस अश्वरावपेट मंडल से जंगारेड्डीगुडेम मंडल की तरफ जा रही थी।रिपोर्ट के मुताबिक, दूसरी साइड से आ रही लॉरी से बचने की कोशिश में बस अनियंत्रित हो गई और पलट गई। हादसे की सूचना पुलिस को दी गई। इसके बाद राहत व बचाव का काम जारी है। बस के नहर में गिरने की वजह से रेस्क्यू ऑपरेशन में काफी मुश्किल पेश आ रही है। हादसे में ड्राइवर की भी जान गईजंगारेड्डीगुडेम राजस्व मंडल अधिकारी वाई वी. प्रसन्ना लक्ष्मी ने हादसे के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने रेवेन्यू स्टाफ और स्थानीय लोगों की मदद ने अब तक 9 शव बाहर निकाले हैं, जिनमें ड्राइवर की डेडबॉडी भी शामिल है।मृतकों के परिवार को 5-5 लाख रुपए की सहायता राशिआंध्र प्रदेश के परिवहन मंत्री पर्नी वेंकटरमैया ने इस घटना पर दुख गहरा दुख जताया है।



## सीमेंट प्लांट में जलाया गया तीन करोड़ का गांजा

**सतना।** रीवा संभाग के चार जिलों की पुलिस द्वारा मादक पदाथोज़् की तस्करी व बिक्री रोकने के लिए चलाये जा रहे अभियान के दौरान जब्त किया 31 क्विंटल 93 किलो 271 ग्राम गांजा मनकहरी स्थित प्रिज्म सीमेंट के किल्न में डालकर जला दिया गया। इस गांजा की कीमत 3 करोड़ 19 लाख 30 हजार रूपये थी। पुलिस कप्तान के हवाले से बताया गया कि जिले के 46 प्रकरणों के अलावा सिंगरौली के 57, सीधी के 30 और रीवा के 30 मामलों में कुल 31 क्विंटल 93 किलो 271 ग्राम क्विंटल सूखा गांजा जब्त किया गया था। मादक पदाथज़् को नष्ट करने के लिए न्यायालय व शासन के दिशा-निदेशोज़् के तहत कायज़्पालिक मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में तौल कराने के बाद बोरियों में पैक कराया गया था। विनिष्टीकरण की प्रक्रिया लगभग छह घंटे तक चली।

### अधीर रंजन का हमला- विपक्ष को कमजोर करने है साजिश

## ममता बनर्जी कर रहीं हैं पीएम नरेंद्र मोदी की दलाली

**कोलकाता।** लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने सीधे-सीधे ममता बनजीज़् पर भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए काम करने का आरोप लगाया है। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के बाद पहली बार कांग्रेस सीधे-सीधे तृणमूल कांग्रेस प्रमुख और प्रदेश की मुख्यमंत्री पर करारा हमला बोला है। विधानसभा चुनाव में भाजपा को हराने के लिए कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल में अपनी रणनीति को साफरखा था। पाटीज़् की ओर से कोई खास प्रचार नहीं हुआ और फायदा टीएमसी को मिला। पश्चिम बंगाल चुनाव में प्रचंड जीत के बाद मुख्यमंत्री ममता बनजीज़् अब अपनी अगली राजनीतिक चाल चलने लगी हैं। उन्होंने देशव्यापी गठबंधन बनाना शुरू किया है। इस गठबंधन के लिए वे नवीन पटनायक से लेकर चंद्रबाबू नायडू और अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव से लेकर शरद पवार तक से संपकज़् कर चुकी हैं। वहीं, नॉथज़्-ईस्ट में उनका कांग्रेस को तोड़ने का अभियान जारी है। गोवा में भी पहुंची ममता बनजीज़् ने कांग्रेस को ही नुकसान पहुंचाया है। इसके बाद कांग्रेस की ओर से करारी प्रतिक्रिया सामने आई है।



## आज का इतिहास




## जब भारत के सामने पाकिस्तान के 93 हजार सैनिकों ने किया था आत्मसमर्पण

**नई दिल्ली। आज का दिन भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश तीनों के इतिहास से जुड़ा एक महत्वपूर्ण दिन है। 16 दिसंबर 1971 को कभी पूर्वी पाकिस्तान के रूप में पाकिस्तान का हिस्सा रहे बांग्लादेश का एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में जन्म हुआ था।**

### हुआ था बांग्लादेश का जन्म

पाकिस्तानी सेना पर भारत की जीत और बांग्लादेश के गठन की वजह से हर साल 16 दिसंबर को भारत और बांग्लादेश में इस दिन को विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है।बांग्लादेश के गठन में भारत की बेहद अहम भूमिका रही थी। दरअसल, पाकिस्तानी सेना के बांग्लादेशी (उस समय पूर्वी पाकिस्तान) लोगों पर जुल्मो-सितम को लेकर ही भारत इस जंग में कूदने को मजबूर हुआ था। भारत के प्रतिरोध को लेकर पाकिस्तान और भारत के बीच तनाव बढ़ा और आखिर में भारतीय सेना की कार्रवाई के आगे पाकिस्तान के हौसले पस्त हुए और 16 दिसंबर 1971 को ही इतिहास के सबसे बड़े आत्मसमपज़्ण के रूप में पाकिस्तान के 93 हजार सैनिकों ने भारत के आगे घुटने टेक दिए थे।इस विवाद की शुरुआत 1947 में भारत से अलग होकर पाकिस्तान और पूर्वी पाकिस्तान बनने के तब से ही पूर्वी पाकिस्तान के लोगों को शिकायत थी कि उनके साथ वहां न्याय नहीं हो रहा। पूवीज़् पाकिस्तान के लोगों में उनके साथ पाकिस्तानी शासकों द्वारा किए जा रहे भेदभाव के खिलाफ सुलगते गुस्से ने धीरे-धीरे प्रचंड विरोध का रूप ले लिया।



### हवाओं का बदला रुख

## मध्य प्रदेश में एक हफ्ते बाद कड़ाके की ठंड की उम्मीद

**भोपाल।** दिसंबर माह आधा बीत चुका है, लेकिन एक-दो दिन को छोड़कर अपेक्षित ठंड नहीं पड़ी है। मौसम विज्ञानी इसकी वजह पश्चिमी विक्षोभ के असर से बार-बार हवाओं का रुख बदलना बता रहे हैं। वतज़्मान में भी उत्तर भारत और आसपास सक्रिय दो पश्चिमी विक्षोभ के कारण हवाओं का रुख बदला हुआ है। जिसके चलते वातावरण में आ रही नमी से बादल बन रहे हैं। इससे न्यूनतम तापमान में गिरावट नहीं हो रही है। हालांकि 19 दिसंबर को एक तीव्र आवृति के पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से उत्तर भारत के पहाड़ों पर जबरदस्त बफज़्बारी होने की उम्मीद जताई जा रही है। इसके बाद पश्चिमी विक्षोभ के आगे बढ़ने पर 22 दिसंबर से एक बार फिर ठंड के लौटने की संभावना है।



### गरीब पर दोहरी मार, पुलिस ने पकड़ा आटो चालक को

## जबलपुर गया था पत्नी का इलाज कराने कट गया जेब



**कटनी।** कटनी जिले से अपनी पत्नी का उपचार करवाने आए व्यक्ति की बदमाशों ने शातिर अंदाज में जेब काट ली। आटो चालक ने अपने साथियों की मदद से घटना को अंजाम दिया लेकिन शहर में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से बदमाश पकड़े गए। ओमती पुलिस ने आटो चालक को पकड़ लिया। उसके दो साथियों की तलाश की जा रही है। पुलिस ने बताया कि कटनी के बरगवां स्थित ग्राम लखाखेरा निवासी नंदकिशोर महोबिया की पत्नी कैंसर पीड़ित है। मंगलवार को वह पत्नी के इलाज के लिए रेलवे पुल क्रमांक दो के पास स्थित अस्पताल आया। वहां से उसे मेडिकल अस्पताल जाना था। नंदकिशोर ने ऑटो रोका। तो ऑटो चालक भानतलैया निवासी पुनीत कोरी ने उसे आगे बैठा लिया। उसके दो साथी नंदकिशोर के पीछे सीट पर बैठ गए। इस दौरान आरोपियों ने नंदकिशोर की जेब से बड़े ही शातिर अंदाज में 16 हजार 500 रुपए चोरी कर लिए। इसके बाद पुनीत ने आयकर विभाग के पास ऑटो रोका और चैकिंग की बात कहते हुए नंदकिशोर को ऑटो से उतार दिया। ऑटो जाने के बाद नंदकिशोर ने देखा कि जेब से रुपए गायब थे।

## अब बाघिन की लोकेशन तलाशने जुटा अमला



**कटनी, बरही।** बाघिन की तलाश जारी है। वन अमला सही लोकेशन की पहचान में जुटा है। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार विजयराघवगढ़ क्षेत्र में कही बाघिन घूम रही है। उसके साथ एक छोटा शावक भी है जिसके पगमार्क इन दोनों शावकों से मिल रहे हैं। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार एक बाघिन एक बार में दो अधिक बधो देती है। इसलिए यह अनुमान लगाया जा रहा है कि जो शावक बाघिन के साथ घूम रहा है। वह इन्हीं का शावकों का भाई या बहन हो सकता है। जबलपुर से आई डॉग स्क्वाड की टीम को एक दो स्थानों पर बाघिन के पगमार्क मिले हैं। वन विभाग के कर्मचारी बाघिन को ढूंडने में लगे हैं। इससे पहले जबलपुर से डॉग स्क्वाड पहुंचा था। उसके द्वारा पगमार्क ढूंडने की कोशिश की जा रही थी। वहीं बांधवगढ़ से हाथियों का दल बुधवार को नहीं पहुंच पाया। बाघिन अपने बधों को बरही वन परिक्षेत्र के झिरिया गांव में छोड़ कर चली गई है।वन विभाग बाघिन का इंतजार कर रहा है। वहीं वन विभाग बुधवार को भी पूरा दिन बाघ के बधों की सार संभाल में लगा रहा। डॉ. विपिन गुप्ता की देखरेख में बधों को फिलहाल झिरिया गांव से झिरिया नर्सरी में शिफ्ट करवाया गया है। वन विभाग के मुताबिक यह बाघिन का प्राकृतिक वन परिक्षेत्र है। इसलिए यहां पर बाघिन का विचरण रहता है। बाघ के बधो आसानी से मां के बिना दस से बारह दिन रह लेते हैं। इसलिए चिंता की बात नहीं है। डॉक्टर के संरक्षण में बधों को खाने व पीने की वस्तुएं दी जा रही हैं। बाघ शावकों की सुरक्षा की दृष्टि से उन्हें पिंजरे में शिफ्ट करवाया गया है। वहीं पूरा दिन वन अमला बाघिन की तलाश में लगा रहा। डीएफओ रमेशचंद्र विश्वकर्मा, एसडीओ राहुल मिश्रा सहित अन्य वन अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

## पूरे शहर में पार्किंग का मकड़जाल

### शहर में रोज बदलते हैं स्थान, लोग चाहे जहां खड़े कर देते वाहन



**कटनी।** कटनी में सड़कों की हालत सबसे ज्यादा खराब है पार्किंग के कारण नगर निगम या फिर यातायात पुलिस अब तक कटनी में कोई ऐसा स्थान नहीं खोज पाई जिसमें उचित पार्किंग की व्यवस्था हो सके। रोज नये नये स्थान बनते हैं चार दिन रहते हैं फिर गायब हो जाते हैं इसी के चलते शहर की सड़कों पर रोजाना जाम की स्थितियां बन रही हैं। अधिकारियों के निर्देशों के बाद भी यातायात विभाग उदासीन रवैया अपनाए है। इससे शहर की यातायाता व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही है। इससे आम लोगों को परेशानी हो रही है। शहर की सड़कों पर वाहनों के खड़ा होने से जाम लग रहा है। शहर की सड़कें दिन भर जाम से जूझती रहती है और लोग जाम में फंसकर परेशान होते रहते हैं। स्टेशन से वीआइपी रोड की ओर जाने वाले मार्ग के दोनों दो पहिया वाहनों की पार्किंग होने से दिन भर इस रोड में जाम की स्थिति बन रही है। दिन में करीब आधा दर्जन से अधिक बार जाम लगता है।

दिलबहार चौराहे से वीआइपी रोड की ओर जाने वाले मार्ग पर जाम लग गया। जाम करीब दस मिनट तक लगा रहा। इस मार्ग पर दिन में कई बार जाम लगता है जिसका मुख्य कारण है कि सड़क पर वाहनों को खड़ा किया जाता है। साथ ही इसी मार्ग पर अतिक्रमण भी किया गया है। अस्थाई रूप से दुकानों को भी लगाया जा रहा है। अस्थाई रूप से दुकान लगाकर सड़कों पर अतिक्रमण कर लिया जाता है। इसकी वजह से भी जाम लगता है। वहीं दिलबहार चौराहे में भी दिन भर अराजकता फैली रहती है। दिन भर चौराहे में आटो रिक्शा खड़े रहते हैं। सड़कों के किनारे दो पहिया वाहनों की पार्किंग भी परेशानी का सबब बनी हुई है। चौराहे में सवारियों इंतजार में लगभग आधा दर्जन आटो रिक्शा खड़े रहते हैं। इसके कारण चौराहा ऑटो स्टैंड में तब्दील हो गया है।

### जल जीवन दायनी कटनी नदी की हालत बद्तर

## अभी तो गर्मी बाकी है सर्दी में ही जलसंकट जारी है



**कटनी। जिले में बारिश के आंकड़े इस साल कम होने के कारण अब जलसंकट की दस्तक शुरू हो गई है। वैसे सिर्फ कटनी शहर की बात की जाए तो हम आपको बता दें कि कटनी की जल जीवन दायनी कटनी नदी की हालत किसी से छिपी नहीं हैं। कटनी नदी से लगभग आधे शहर से जलापूर्ति की जाती है। लेकिन आज जो हालत कटनी नदी की है तो उसे देखकर आने वाली गर्मी में भयावह जल संकट साफ महसूस किया जा सकता है।**

### बेपरवाही का दंश

अल्प वर्षा और जनप्रतिनिधियों, नगर निगम के अफसरों व प्रशासनिक अधिकारियों की बेपरवाही का दंश अब आज से शहर की जनता भोगेगी। दोनों समय पर्याप्त पेयजल सप्लाई का टैक्स चुकाने वाले शहर के लाखों लोग अब आज से सप्ताह में दो दिनों तक पेयजल से वंचित रहेंगे। क्योंकि नगर निगम ने अब सप्ताह में दो दिन कटौती का फैसला लिया है। पिछले कई वर्षों से शहर में नर्मदा जल लाने की योजना बनी, लेकिन वह फलीभूत नहीं हो पाई। इसके अलावा इस भीषण समस्या से निजात के लिए कोई सार्थक कदम नहीं उठाए गए। सिर्फ कागजों में ही दावे और वादे किए गए। जानकारी के अनुसार बैराज में 5250 मिलियन लीटर पानी का स्टोरेज है। प्रतिदिन लगभग 20 से 23 एमएलटी पानी सप्लाई का दावा नगर निगम कर रही है। प्रति व्यक्ति 135 लीटर पानी की सप्लाई शहर में होनी चाहिए, लेकिन अभी ननि मात्र 80 से 90 लीटर ही पेयजल की सप्लाई कर पा रहा है। जिले में 1124 मिलीमीटर औसत से काफी कम वर्षा हुई है, जिसका सीधा असर न सिर्फ कृषि पर पड़ रहा है बल्कि पेयजल संकट की आहट भी साफ दिखाई देने लगी है। गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष एक माह पहले से ही नदी का बहाव शून्य हो गया है।

### लगभग 4 फीट की गिरावट

नगर निगम के जल प्रदाय विभाग द्वारा बताया कि वर्तमान में कटनी में बारिश ना होने की वजह से अवर्षा की स्थिति निर्मित हो गई है। कटनी बैराज में वर्तमान में ही लगभग 4 फीट की गिरावट आ चुकी है। निकट भविष्य में नगर में पेयजल संकट की स्थिति निर्मित होनें की पूर्ण संभावना है। नगर में पेयजल संकट की स्थिति निर्मित न हो इसके लिए आगामी 30 जून 2022 अथवा वर्षा ऋतु आगमन तक पेयजल की आपूर्ति सनिश्चित हो सके यह आवश्यक हो गया है कि वर्तमान में प्रतिदिन की जा रही पानी सप्लाई में कटौती की जाए।

### दो दिन पानी की सप्लाई में कटौती

आगामी वर्षा ऋतु के आगमन तक हर सप्ताह में प्रत्येक बुद्यवार एवं शनिवार को पानी की सप्लाई में कटौती इन दिनों में पानी की सप्लाई नहीं की जा सकेगी। नागरिकों को होने वाली असुविधा के खेद व्यक्त करते हुए जल का अपव्यय न करने की बता कही है। बता दें कि पहले से ही नगर निगम एक समय पानी की सप्लाई कर रहा था। वह भी लगभग आधी सप्लाई हो रही थी। अब जल स्तर कम होने से समस्या और भी बढ़ गई है।

### बड़वारा की घटना में विशेष न्यायालय ने सुनाया फैसला




## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 10 वर्ष की सजा

**कटनी।** कटनी। विशेष न्यायालय बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 द्वारा थाना बडवारा के प्रकरण में नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने का अपराध प्रमाणित पाते हुये अभियुक्त शिवभान सिंह को धारा 3, 4 पॉक्सो के अंतर्गत 10 वर्ष के सश्रम कारावास व 5000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। प्रकरण में पैरवी विशेष लोक अभियोजक(पॉक्सो) सुश्री नविता पिल्लै द्वारा की गई। अभियोजन पक्ष के मुताबिक 26 जनवरी 2016 को दिन 12 बजे जब नाबालिग निस्तार के लिये झाड़ियों की तरफ गई थी। उसीदौरान आरोपी शिवभान सिंह आया और नाबालिग के साथ गलत काम किया। नाबालिग ने शोर मचाया तो आरोपी ने उसका मुंह पकड़कर जान से मारने की धमकी दी। नाबालिग की आवाज सुनकर दो लोग अपने खेत तरफ से आये तब तक आरोपी शिवभान सिंह खेतों की तरफ भाग गया। नाबालिग ने घर आकर घटना के बारे में अपने भाई एवं पिता को बताया। जिसके बाद यह मामला बड़वारा थाने पहुंचा। पुलिस ने नाबालिग का मेडिकल परीक्षण कराते हुए आरोपी के विरूद्ध धारा 376(2)(च), 506 एवं धारा 3, 4, 5, 6 पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया। विवेचना उपरांत अभियोग पत्र विशेष न्यायालय (पॉक्सो) के समक्ष पेश किया। प्रकरण में साक्षियों के कथन एवं वैज्ञानिक सबूत के आधार पर विचारण न्यायालय द्वारा आरोपी को नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने का अपराध प्रमाणित पाया तथा आरोपी को सश्रम कारावास एवं जुर्माना से दण्डित किया।

## मकान के अंदर प्रौढ़ ने लगाई फांसी

**कटनी।** कैमोर थाना अंतर्गत ग्राम जमुआनीकला में एक 49 वर्षीय प्रौढ़ द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम जमुआनीकला निवासी 49 वर्षीय धनीराम पिता नंदन यादव के द्वारा मकान के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। आत्महत्या किए जाने के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस ने शव परीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

## सरकारी विभागों को नहीं पता गूगल क्रोम का इस्तेमाल करने सरकार की एडवाइजरी



**कटनी।** कटनी में किसी भी सरकारी विभाग को यह नहीं पता कि केन्द्र सरकार ने गूगल क्रोम इस्तेमाल करने के लिए कौन सी गाइड लाइन और एडवाइजरी जारी की है। आपको बता दें कि गूगल क्रोम का इस्तेमाल करने वाले लोगों के लिए यह बेहद ही खास खबर है, क्योंकि अब सरकार द्वारा एक चेतावनी जारी की गई है जिसे अनदेखा नहीं किया जा सकता है। भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम ने गूगल क्रोम यूजर्स के लिए चेतावनी जारी की है. की रिपोर्ट में बताया गया है कि गूगल क्रोम ब्राउजर में कई तरह की कमियों की पहचान हुई है। इसके विडोज मैनेजर, स्क्रीन कैप्चर, फाइल ऑटो फिल और डेवलपर टूल में खामियां सामने आई हैं। इनकी वजह से आप हैकिंग का शिकार हो सकते हैं। सरकार की ओर से जारी की गई एडवाइजरी के मुताबिक, यूजर्स को तुरंत गूगल क्रोम को अपडेट कर लेना चाहिए। अगर ऐसा नहीं किया जाता है तो गूगल क्रोम के जरिये हैकिंग अटैक का खतरा बना हुआ है जिससे यूजर की संवेदनशील पर्सनल जानकारी चोरी हो सकती है और हैकर मालवेयर को आपके पीसी में इंजेक्ट भी कर सकते हैं. इस मामले को लेकर गूगल ने कहा है कि लेटेस्ट क्रोम ब्राउजर में 22 तरह की सिक्योरिटी फिक्स किये गए हैं. इससे यूजर की प्राइवेसी को बढ़ाया गया है. गूगल ने तुरंत एक्शन लेते हुए क्रोम के 96.0.4664.93 वर्जन को विंडोज, मैक और लाइनक्स के लिए जारी किया है. रिपोर्ट के मुताबिक, गूगल क्रोम ब्राउजर में कई तरह की कमियों की पहचान की गई है।

## जनवरी से दिसंबर तक हैं अनेक शुभ मुहूर्त




**कटनी।** अब आने वाले नए साल में होने वाली शादियों की बात करें तो वर्ष 2021 की तुलना में साल 2022 में शादी-ब्याह के अनगिनत मुहूर्त हैं. तीन महीने अगस्त, सितंबर और अक्टूबर में चातुर्मास के कारण एक भी विवाह मुहूर्त नहीं है. इसके अलावा विवाह के लिए शुभ मुहूर्त की भरमार है. जानें जनवरी 2022 से दिसंबर 2022 तक विवाह के लिए कौन-कौन से शुभ मुहूर्त हैं.जनवरी में विवाह के हैं 4 मुहूर्त

जनवरी 2022 इस माह में 22, 23, 24 और 25 तारीख को शादी करना शुभ रहेगा.

### फरवरी में 11 मुहूर्त

फरवरी 2022= फरवरी में 5, 6, 7, 9, 10, 11, 12, 18, 19, 20 और 22 तारीख के शुभ मुहूर्त हैं.

### मार्च में सिर्फ 2 शुभ मुहूर्त

मार्च 2022 मार्च में केवल 2 शुभ मुहूर्त हैं. इस महीने की 4 और 9 तारीख को शादी करना शुभ रहेगा.

### अप्रैल के महीने में शादी के 11 शुभ मुहूर्त हैं

अप्रैल 2022 इस माह में 14, 15, 16, 17, 19, 20, 21, 22, 23, 24 और 27 तारीख को शादी करना शुभ रहेगा.

### मई में 15 शुभ मुहूर्त हैं

मई 2022 मई में अक्षय तृतीया 2 और 3 के अलावा 9, 10, 11, 12, 15, 17, 18, 19, 20, 21, 26, 27 और 31 तारीख को शादी करना शुभ रहेगा. जून के महीने में विवाह के लिए 12 शुभ मुहूर्त हैं जून 2022 जून में शादी 1, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 13, 17, 23 और 24 तारीख को शादी करना शुभ रहेगा।

### नीरज सिनेप्लेक्स में



ऑल इंडिया रिलीज

रोजाना 3 शो ता. 17 से दोपहर 12,3 एवं 6 बजे से

PUSHPA

(हिन्दी में)

कलाकार- आलू अर्जुन, रश्मिका मदाना, फदाह फासिल, अनसुईया भारद्वाज आदि।




## रिजल्ट सुधारने सरकारी स्कूलों में कवायद शुरू

**कटनी।** कटनी में तमाम शंकाओं के बीच बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट सुधारने के लिए सरकारी स्कूलों में कवायद शुरू हो गई है। हालांकि अभी यह तय नहीं हुआ है कि बोर्ड परीक्षा किस मोड में होगी। आन लाइन या फिर आफलाइन लेकिन सरकारी तैयारी शुरू हो गई हैं। छः माही परीक्षा के बाद स्कूलों में विद्यार्थियों को कॉपी दिखाई जा रही है। शिक्षकों को कमजोर विद्यार्थियों पर अधिक फोकस करने के निर्देश हैं। सी और डी ग्रेड के विद्यार्थियों की रेमेडियल कक्षाएं भी लगाई जानी है, लेकिन अब कोर्स पूरा करने के लिए समय कम है। दरअसल फरवरी में ही बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो रही है। कोरोना संक्रमण की वजह से एक बार फिर अब 50 फीसदी क्षमता के साथ ही स्कूल खुलने हैं बोर्ड परीक्षा के लिए केवल 45 दिनों का ही समय शेष है। कोरोना संक्रमण की वजह से सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों को अंतराल से बुलाया जा रहा है और ऑनलाइन कक्षाएं संचालित की जा रही हैं, लेकिन ऑनलाइन पढ़ाई के लिए जिले में अब भी 30 फीसदी विद्यार्थियों के पास स्मार्ट मोबाइल नहीं है। बोर्ड परीक्षा के लिए अब 45 दिन का ही वक्त है और कोर्स 50 फीसदी ही पूरा हुआ है। शिक्षकों का कहना है कि अब 45 दिन बाद फरवरी में ही परीक्षाएं शुरू हो जाएंगी। कक्षाओं के संचालन के लिए समय कम है। दिसंबर में क्रिसमस की भी छुट्टियां हैं। हर विद्यार्थी को स्कूल आने के लिए करीब 20 दिन ही मिलेंगे। प्रतिदिन कक्षाएं न लगने की वजह से कोर्स भी पूरा नहीं हो पा रहा है।

### सिटी मॉल बरही रोड में

ऑल इंडिया रिलीज



रोजाना 4 शो ता. 16 से 1,4,7 एवं रात्रि 10 बजे से (हिन्दी में)

SPIDERMAN

(NO WAY HOME )

कलाकार

टॉम हालैंड, जेमी फॉक्स, हैरी हालैंड, अल्फ्रेड, मोलीना आदि।

### सिटी मॉल बरही रोड में

ऑल इंडिया रिलीज



रोजाना 4 शो दोपहर ता. 17 से 12, 3 ,6, एवं रात्रि 9 बजे से (हिन्दी में)

PUSHPA (THE RISE)

कलाकार- आलू अर्जुन, रश्मिका मदाना, फदाह फासिल, अनसुईया भारद्वाज आदि।

एडवांस बुकिंग चालू है

## छात्रों को वितरित किए गर्म कपड़े



**कटनी।** कैलवारा खुर्द के शासकीय प्राथमिक शाला के छात्रों को गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। इस दौरान बच्चों को टोपे, मोजे, स्वेटर, कंबल सहित अन्य वस्त्रों का वितरण किया गया। इस पहल में डॉ. उषा पाण्डेय, कल्पना चौरसिया, रचना सिन्हा, शशांक पाण्डेय, राजेश त्रिपाठी, शशि शुक्ला, उषा नौगरिया, कांता भौमिया, कल्पना दुबे, निशी चौरसिया, छाया चंदन आदि की सक्रिय भूमिका रही।

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, गुरुवार,16 दिसम्बर 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

## दो दिवसीय हड़ताल के बैंकों में लटके ताले, एसबीआई मुख्य शाखा के बाहर नारेबाजी

# निजीकरण के खिलाफ बैंक कर्मचारियों ने खोला मोर्चा

**कटनी।** केन्द्र सरकार द्वारा बैंकों के निजीकरण के खिलाफ देशभर के साथ कटनी में भी आज बैंक कर्मचारियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। भारीतय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा के बाहर सुबह साढ़े 10 बजे एकत्रित सभी बैंकों के कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। बैंक कर्मचारियों की दो दिवसीय हड़ताल की वजह से आज जिले की सभी बैंकों की शाखाओं में ताला लटका रहा। बैंक कर्मचारियों ने कहा कि मार्च के महीने में की गई हड़ताल के बाद भी केन्द्र सरकार ने बैंकों के निजीकरण के निर्णय को वापस नहीं लिया है, जिसको लेकर अब दो दिवसीय हड़ताल करते हुए सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया जा रहा है। हड़ताल की वजह से खातेदारों के साथ ही अन्य कामों को लेकर बैंक आए लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। बैंक कर्मचारियों का कहना है कि निजीकरण के चलते बैंक एक बार फिर पूंजीपतियों के हाथों में चले जाएंगे और इसका सीधा नुकसान कर्मचारियों के साथ ही आम लोगों को होगा।




### इन बैंकिंग संगठनों ने किया दो दिवसीय हड़ताल का आव्हान

बैंकों के निजीकरण के खिलाफ दो दिवसीय हड़ताल का आव्हान अखिल भारतीय बैंक अधिकारी परिसंघ एआईबीओसी, अखिल भारतीय बैंक कर्मचारी संघ एआईबीईए और बैंक कर्मचारियों के राष्ट्रीय संगठन एआईबीई, यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस यूएफबीयू सहित नौ यूनियनों के संगठनों ने हड़ताल का आव्हान किया है। हड़ताल में विभिन्न सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, निजी क्षेत्र के बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के कर्मचारी और अधिकारी शामिल रहे। इससे पहले बुधवार को संगठनों की बैठक में कोई नतीजा नहीं निकलने के बाद यूएफबीयू द्वारा दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आव्हान किया गया था। विदित हो कि जब से केंद्र सरकार ने अपने बजट में दो सार्वजनिक क्षेत्र के ऋणदाताओं के निजीकरण की घोषणा की है, तब से यूनियनों का विरोध हो रहा है।

### दिसंबर के महीने में हड़ताल और अवकाश के चलते बैंकों में रहेगा अवकाश

दिसंबर महीने के समाप्त होने में अब महज 14 दिन बचे हुए हैं। इन बचे 14 दिनों में दो दिन हड़ताल और शनिवार और रविवार की छुट्टी मिलाकर ज्यादातर दिन बैंक बंद रहेंगे। जिससे उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। दो दिवसीय हड़ताल के चलते बैंकों में आज 16 दिसंबर गुरुवार और 17 दिसंबर शुक्रवार को ताले लटके रहेंगे। इसके अलावा 19 दिसंबर को रविवार की छुट्टी के चलते बैंक बंद रहेंगे। इस तरह इस सप्ताह बैंक तीन दिन बंद रहने वाले हैं। आने वाले सप्ताह में भी कई अवकाश पड़ रहे हैं। 25 दिसंबर को क्रिसमस और महीने का चौथा शनिवार होने के चलते पूरे देश में बैंकों का काम बंद रहेगा। 26 दिसंबर को भी रविवार के कारण सभी जगह बैंक बंद रहेंगे।

# नहीं मिल रहे 100 के स्टाम्प भटक रहे उम्मीदवार

## प्रशासन की लाख कोशिशों के बद भी नहीं रूक रही कालाबाजारी

**कटनी। 100 रुपये के स्टाम्प के लिए पंचायत चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार भटक रहे हैं। मजबूरन 100 रुपये का स्टाम्प 250 रुपये में खरीदना पड़ रहा है। उम्मीदवारों का कहना है कि प्रशासन द्वारा ई-स्टाम्प की व्यवस्था बनाई गई है, लेकिन वो भी दुगने दामों पर खुलेआम बेचा जा रहा है। तहसील परिसर में चल रही स्टाम्प की कालाबाजारी को रोकने प्रशासन के प्रयास नाकाफी साबित हो रहे हैं। जिला पंजीयक द्वारा तहसील परिसर का निरीक्षण करने और शिकायत सही पाए जाने के बाद कार्यवाही केवल नोटिस तक सीमित होकर रह गई है। जिससे मुनाफाखोरी कर रहे स्टाम्प वेंडरों के हौसले बुलंद हैं।**

गौरतलब है कि पंचायत चुनाव को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग ने उम्मीदवारों को 100 रूपए के स्टाम्प में शपथ पत्र प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया है। आयोग के निर्देशों के बाद ही जिले में स्टाम्प की कालाबाजारी शुरू हो गई थी, हालांकि पुरानी कचहरी में इसके पहले से ही स्टाम्प वेंडर मनमानी पर उतारू थे। लगातार शिकायतें सामने आने के बाद स्टॉम्प वेंडरों द्वारा नियमों का पालन न करने की शिकायत पर जिला पंजीयक नवमीदास चौकीकर ने 11 स्टॉम्प वेंडरों को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। जिला पंजीयक नवमीदास चौकीदार ने बताया कि नियत स्थान पर ही बैठकर कार्य करने, स्टॉक की जानकारी स्पष्ट रूप से पटल पर अंकित करने, निर्धारित मूल्य पर ही स्टॉम्प का विक्रय करने के लिए स्टॉम्प वेंडरों को समय-समय पर निर्देश जारी किए जाते हैं। जिला पंजीयक ने 14 दिसंबर को स्थल का आकस्मिक निरीक्षण किया था। जिसमें उन्होंने पाया कि जारी निर्देशों का उल्लंघन किया जा रहा है। मौके पर न ही स्टॉक पटल लगाया गया है और न ही स्टॉक रजिस्टर मेंटेन किया जा रहा है। जिला पंजीयक श्री चौकीदार ने स्टॉम्प वेंडर आशीष दुबे, प्रीति गुप्ता, नितेश कोरी, कुंदन रजक, दिनेश वर्मा, कमलेश बड़ेरिया, सुशील कुमार बक्शी, विनरोद खरारी, करूणा देवी पटेल, दिनेश दुबे, राममनोहर शर्मा को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जारी नोटिस में कहा गया है कि पत्र प्राप्ति पर एक दिवस के अंदर उपस्थित होकर स्टॉम्प वेंडर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। पक्ष प्रस्तुत न करने पर स्टॉम्प वेंडरों पर नियमानुसार कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

### निरीक्षण में पाया निर्देशों का उल्लंघन, 11 स्टॉम्प वेंडरों को जारी किए कारण बताओ नोटिस

## पंचायत चुनाव प्रक्रिया का तीसरा दिन

# जनपद सदस्य के लिए एक, सरपंच के लिये 3 और पंच पद के लिये 1 नामांकन दाखिल

**कटनी।** राज्य निर्वाचन आयोग निर्देशानुसार जिले में पंचायत निर्वाचन 2021-22 के अंतर्गत प्रथम व द्वितीय चरण के निर्वाचन में नाम निर्देशन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।




पंचायत निर्वाचन के प्रथम व द्वितीय चरण के लिए पंच, सरपंच, जनपद सदस्य व जिला पंचायत सदस्यों के नाम निर्देशन पत्र लिए जा रहे हैं। जिला स्तर पर कलेक्ट्रेट में जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत स्तर पर जनपद सदस्यों व जनपद स्तर और क्लस्टर स्तर पर सरपंच व पंच फार्म जमा करने की व्यवस्था की गई है। जहां रिटर्निंग अधिकारी व सहायक रिटर्निंग अधिकारी नाम निर्देशन पत्र जमा करने मौजूद रहे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी साधना परस्ते ने बताया कि प्रथम व द्वितीय चरण के निर्वाचन में बहोरीबंद, रीठी और कटनी व बड़वारा जनपद पंचायत क्षेत्र में नाम निर्देशन की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि बुधवार को रीठी जनपद पंचायत में जहां जनपद सदस्य के लिए एक नामांकन जमा हुआ है, तो वहीं बहोरीबंद में पंच पद के एक महिला अभ्यर्थी, रीठी जनपद में सरपंच पद के लिये एक महिला अभ्यर्थी, कटनी जनपद से सरपंच पद के लिये एक महिला अभ्यर्थी तथा बड़वारा जनपद क्षेत्र में भी सरपंच पद के लिये एक पुरुष अभ्यर्थी द्वारा नाम निर्देशन पत्र जमा किया गया है।

## जिले के सभी स्कूलों में आयोजित होगा पोस्ट कार्ड अभियान

**कटनी।** देश की आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत डाक विभाग द्वारा शिक्षा विभाग के सहयोग से 15 दिसंबर को पोस्ट कार्ड अभियान आयोजित किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी पीपी सिंह ने बताया कि प्रवर अधीक्षक डाकघर संभाग जबलपुर के अनुसार पोस्ट कार्ड अभियान में कक्षा 4 से कक्षा 12वीं तक के छात्र-छात्राएं भाग ले सकेंगे। जो प्रधानमंत्री के नाम से 'अनसंग हीरोज ऑफ फ्रीडम या माईविजन फॉर इंडियाज 2047' में से किसी एक विषय पर पोस्ट कार्ड पर लिखेंगे। डीईओ ने बताया कि सभी संस्था प्रमुख स्थानीय पोस्ट आफिस से छात्र संख्या के हिसाब से पोस्ट कार्ड क्रय कर छात्रों को उपलब्ध कराएंगे। जिसको लेकर सभी प्राचार्यो को पत्र जारी किया गया है। साथ ही अमृत महोत्सव कार्यक्रम में अधिक से अधिक छात्र सहभागिता करें, यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए गए हैं।

## आबकारी विभाग ने दी कई ठिकानों पर दबिश, भारी मात्रा में शराब बरामद

# चुनाव के पहले अवैध शराब की धरपकड़



**कटनी।** पंचायत चुनाव के पहले जिले में अवैध शराब की धरपकड़ तेज हो गई है। अवैध मदिरा के संग्रहण, परिवहन, विक्रय एवं निर्माण की रोकथाम के लिये आबकारी विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को आबकारी वृत्त कटनी अंतर्गत विभागीय अमले द्वारा कार्रवाई करते हुये अवैध मदिरा एवं महुआ लाहन जप्त कर संबंधितों के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किये गये हैं। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि बुधवार को आबकारी विभाग द्वारा आबकारी वृत्त कटनी अंतर्गत सुरखी डैम के पास, जुहली, तेलियनपार, आधारकाप, निमियाहार, मछरिया डेरा में दबिश दी गई। इस दौरान 1040 किलोग्राम महुआ लाहन तथा 30 लीटर अवैध हाथभट्टी मदिरा जप्त की गई है। कार्रवाई में संबंधित आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) क एवं च के तहत 8 न्यायालयीन प्रकरण पंजीबद्ध किये गये हैं। इस कार्रवाई में जप्तशुदा महुआ लाहन तथा अवैध शराब का अनुमानित मूल्य 56 हजार 500 रुपये है। मौके पर महुआ लाहन का सैम्पल लेकर आबकारी दल द्वारा नष्ट कर दिया गया है। अवैध मदिरा के संग्रहण, परिवहन, विक्रय एवं निर्माण की रोकथाम के लिये आबकारी विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को आबकारी वृत्त बहोरीबंद अंतर्गत विभागीय अमले द्वारा कार्रवाई करते हुये अवैध मदिरा एवं महुआ लाहन जप्त कर संबंधितों के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किये गये हैं। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि मंगलवार को आबकारी विभाग द्वारा आबकारी वृत्त बहोरीबंद अंतर्गत ग्राम करहिया, मतवाररीहार, रैपुरा, कैमोरी, घुघरा में दबिश दी गई। इस दौरान 600 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त किया गया है। कार्रवाई में संबंधित आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) क एवं च के तहत 3 न्यायालयीन प्रकरण पंजीबद्ध किये गये हैं। इस कार्रवाई में जप्तशुदा महुआ लाहन तथा अवैध शराब का अनुमानित मूल्य 30 हजार रुपये है। मौके पर महुआ लाहन का सैम्पल लेकर आबकारी दल द्वारा नष्ट कर दिया गया है।



# ऊर्जा के वैकल्पिक स्त्रोतों के इस्तेमाल की दी जानकारी




### कृषि विज्ञान केन्द्र में राष्ट्रीय ऊर्जा दिवस पर ऊर्जा संरक्षण कार्यक्रम

**कटनी।** राष्ट्रीय ऊर्जा दिवस के अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र कटनी में ऊर्जा संरक्षण कार्यक्रम विगत 15 दिसंबर को आयोजित किया गया। राष्ट्रीय ऊर्जा सप्ताह के अवसर पर मप्र ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड जबलपुर द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र कटनी में ऊर्जा संरक्षण कार्यक्रम पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अजय कुमार तोमर, वरिष्ठ विज्ञानिक एवं प्रमुख द्वारा की गई। प्रवीण तिवारी अक्षय ऊर्जा अधिकारी मप्र ऊर्जा विकास निगम जबलपुर द्वारा ऊर्जा संरक्षण एवं ऊर्जा के वैकल्पिक स्त्रोतों के इस्तेमाल हेतु शासन की विभिन्न योजनओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर डॉ आर पी बेन, कृषि विज्ञानिक डॉ आर के मिश्रा, डॉ अर्पिता श्रीवास्तव, डॉ के पी द्विवेदी कृषि विज्ञान केन्द्र एवं कृषि विज्ञान केन्द्र से जुड़े अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे ।

## स्टेशन चौराहे का नामकरण भगवान परशुराम पर करने की मांग

**कटनी।** चाणक्य ब्राह्मण महासभा ने रेलवे स्टेशन चौराहे का नामकरण ब्राह्मण समाज के ईष्ट देव भगवान परसुराम के नाम पर करने की मांग की है। इस मांग को लेकर महासभा के पदाधिकारियों ने गत दिवस चर्चा की। चाणक्य ब्राह्मण महासभा जिलाध्यक्ष रमाकांत पप्पू दीक्षित ने बताया कि चर्चा के दौरान मांग पत्र सौंपते हुए अवगत कराया गया कि वर्तमान में रेलवे स्टेशन चौराहे का नाम मध्यप्रदेश शासन के राज्यपत्र में किसी भी नाम से दर्ज नहीं है। स्टेशन चौराहे का नाम ब्राह्मण समाज के ईष्ट देव भगवान परसुराम जी के नाम किया जाए। श्री दीक्षित ने बताया कि चाणक्य ब्राह्मण महासभा की मांग पर सहमति जताते हुए कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक को एक पत्र प्रेषित किया है। इस पत्र में भाजपा जिलाअध्यक्ष ने महासभा के पत्र का उल्लेख करते हुए मांग पर अपनी सहमति व्यक्त की है।

### सूचना

सूचित किया किया जाता है कि बरगवां कटनी डाकघर में मेरा खाता क्र. 723115 संचालित है, जिसमें मेरा नाम फिरोज दर्ज है जबकि आधार कार्ड एवं पेन कार्ड में मेरा नाम अब्दुल रसीद लिखा हुआ है। फिरोज और अब्दुल रसीद मुझ व्यक्ति के ही नाम हैं, किसी अन्य के नहीं अतः यह सूचना सर्वसाधारण है।

भवदीय

**फिरोज उर्फ अब्दुल रसीद, पिता श्री अब्दुल सलाम, उम्र 45 वर्ष निवासी रामनिवास सिंह वार्ड भट्टा मोहल्ला कटनी(म.प्र.)**



## आचार्य कुलरत्न भूषण का अभिषेक

**कटनी।** बहोरीबंद अतिशय क्षेत्र में शान्तिनाथ भगवान श्री की पावन मूर्ति पर आचार्य संत शिरोमणि 108 विद्यासागर गुरुदेव के परम प्रभावक शिष्य निर्यापक संत 108 योग सागर महाराज और कर्नाटक केसरी संस्कार प्रणेता 108 आचार्य कुलरत्न भूषण के पावन सानिध्य में अभिषेक, शान्ति धारा करने का सौभाग्य राकेश जैन कक्का को प्राप्त हुआ। तत्पश्चात मुनि श्री द्वय के प्रवचन हुए। जिसे सुनने का सौभाग्य राकेश जैन कक्का, आराधना जैन, स्मृति दीदी, रुचि दीदी, मंजू दीदी सहित पहाड़ी जैन समाज के अध्यक्ष राकेश जैन, मुनि जैन, त्रिलोकचन्द्र जैन सहित बालिका मंडल पहाड़ी, महिला मंडल पहाड़ी, कटनी जैन समाज बाकल जैन समाज बहोरीबंद जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय बाघ आंकलन में स्वयंसेवक के रुप में नागरिक हो सकते हैं शामिल

कटनी। राष्ट्रीय बाघ आंकलन के अंतर्गत मप्र में फेस-1 डाटा कलेक्शन कार्य 4 अलग-अलग चक्रों में संपादित किया जायेगा। इस कार्य के लिये भारत के नागरिक, जो 18 वर्ष या अधिक आयु के हैं, तथा वन्यप्राणी आंकलन कार्य के फेस-1 के अंतर्गत डेटा कलेक्शन कार्य में स्वयंसेवक के रुप में शामिल हो सकते हैं। इस कार्य में शामिल होने के लिये इच्छुक नागरिक अपने आवेदन 15 से 21 दिसम्बर तक वन मण्डलाधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। स्वयंसेवक एक चक्र अथवा एक से अधिक चक्रों में डाटा कलेक्शन कार्य के लिये भाग ले सकेंगे।

### नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 30 अप्रैल को

**कटनी।** प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा ने बताया कि सत्र 2022-23 के लिये कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिये जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा का आयोजन 30 अप्रैल को होगा। जिन अभ्यर्थियों द्वारा प्रवेश परीक्षा के लिये ऑनलाईन आवेदन किया गया है, वे आवश्यक होने पर 16 एवं 17 दिसम्बर को ऑनलाईन आवेदन में त्रुटि सुधार कर सकते हैं। इस अवधि में आवेदन पत्रों में परीक्षा के माध्यम, ग्रामीण या शहरी, जन्मतिथि में सुधार की आवश्यकता होने पर सुधार कार्य किया जा सकेगा।

**किराये से देना है**

**सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति**
**सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति**
**पता- बीजेपी कार्यालय के सामने जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)**
**मो. 8109417340**

**एम.जी.एम. हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर**

त्वचा, गुप्त एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ

**डॉ. हितेश लोकवानी**

एम.बी.बी.एस., एम.डी. , डरमेटोलॉजिस्ट एवं कॉस्मेटोलोजिस्ट
(दिनांक 25/12/2021) समय प्रातः 11:00 बजे से 03:00 बजे तक)

।। उपलब्ध उपचार।।

कील एवं मुहासों का इलाज, गंजेपन का इलाज, सोरायसिस का इलाज, मस्से एवं तिल का इलाज, काले दाग एवं सफेद दाग का इलाज, स्किन ग्लो एवं झाईयों का इलाज, बालों के झड़ने का इलाज (पुरूष/महिला), अनचाहे बाल लेजर से हटाना (शरीर के किसी भी अंग से), बाली से कटा कान जोड़ना बिना टांके, बिना पट्टी मशीन द्वारा जोड़ना

**हर माह के चौथे शनिवार को प्रातः 11 बजे से 3:00 बजे तक उपलब्ध रहते है।**

नोटः असुविधा से बचने के लिए रजिस्ट्रेशन अवश्य करायें।

# 33 केन्द्रों में चलेगा विशेष टीकाकरण अभियान

**कटनी। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने अधिकारियों कर्मचारियों का दल गठित कर दिये आवश्यक निर्देश**

**कटनी।** शासन निर्देशों के परिपालन तथा कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में 16 दिसंबर दिन गुरूवार को नगर के चिन्हित 33 टीकाकरण केन्द्रों में विशिष्ट महाअभियान का आयोजन किया जाना है। निगमायुक्त श्री धाकरे ने विशिष्ट महाअभियान में टीकाकरण केन्द्रों की संपूर्ण व्यवस्थाओं हेतु राकेश शर्मा कार्यपालन यंत्री को प्रभारी अधिकारी एवं स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी को सहायक प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया है। टीकाकरण केन्द्रों में नागरिकों की सुविधा हेतु लगभग एक सैकडा अधिकारियों कर्मचारियों के दल का गठन कर स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास की आंगनबाडी कार्यकर्ताओं बी.एल.ओ के साथ क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्धजन, गणमान्य नागरिक, क्रायसिस मैनेजमेंट समिति के सदस्यों का सहयोग लेते हुए शत प्रतिशत टीकाकरण पूर्ण करानें हेतु निर्देशित किया है।



**इन केंद्रों में लगेंगे टीके**

आयोजित विशिष्ट महाअभियान के तहत नगर में चिन्हित 33 टीकाकरण केन्द्रों पुरानी कचहरी कटनी, एम.जी.एम. हास्पिटल, जिला चिकित्सालय कटनी, श्री हास्पिटल कटनी, मुडवारा रेल्वे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर 1,बस स्टेण्ड ऑडिटोरियम ,सेवा भारती अक्षर नंदन स्कूल, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रेमनगर, जोन कार्यालय क्रमांक 2 खिरहनी, मैन रेल्वे स्टेशन प्लेटफार्म नं.1, शहरी प्राथमिक स्वा.केन्द्र लखेरा, ए.सी.सी हास्पिटल कटनी, अर्डिनेंस फैक्ट्री कटनी, रेल्वे हास्पिटल कटनी, झूलेलाल मंदिर माधवनगर, सुभाष चौक मुख्य बाजार, कृषि उपज मंडी पहरूआ, शिक्षा भारती स्कूल रामनिवास सिंह वार्ड, नैन्सी स्कूल वंशस्वरूप वार्ड, सामुदायिक भवन महात्मा गांधी वार्ड टीकाकरण केन्द्रों को चिन्हित किया गया है। इसके अतिरिक्त नागरिकों की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए विभिन्न आंगनबाडी केन्द्रों लाल बहादुर शास्त्री वार्ड केन्द्र क्रमांक 11, राम जानकी हनुमान वार्ड केन्द्र क्र. 61, गणेश प्रसाद मसुरहा वार्ड केन्द्र क्र. 225, विनोवा भावे वार्ड केन्द्र क्र. 200 तथा 225, अम्बेडकर वार्ड केन्द्र क्र. 204, मदन मोहन चौबे वार्ड केन्द्र क्र. 91, जवाहर लाल नेहरू वार्ड केन्द्र क्र. 96, वंशस्वरूप वार्ड केन्द्र क्र. 105, फारेस्टर वार्ड केन्द्र क्र. 122, रामकृष्ण परमहंस वार्ड केन्द्र क्र. 129, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड केन्द्र क्र. 134, संतकवरराम वार्ड केन्द्र क्र. 217 कुल 33 टीकाकरण केन्दों में वैक्सीनेशन की सुविधा प्रदाय की जावेगी।

**टीकाकरण केन्द्रों की आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु सौंपे गए दायित्व**

निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे नें टीकाकरण केन्द्रों में बैठक व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, जागरूकता बैनर, प्रचार प्रसार व्यवस्था, कन्द्रों तथा पहुंच मार्गो की साफ सफाइ उपरान्त चूनें की लाईनिंग, कीटनाशक दवा का छिडकाव, वाहनों के माध्यम से मुनादी सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कराकर गठित दल के अधिकारियों को टीकाकरण केन्द्रों में उपस्थित रहकर शत प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य प्राप्त करनें के निर्देश प्रदान किये गए है।



# पशुपालन क्षेत्र में भी हैं रोजगार के अवसर

**विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा कार्यशाला आयोजित**

**कटनी।** स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा गत दिवस एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें पशु चिकित्सालय की डॉ गायत्री राय, जेपी लखेरा पशु चिकित्सक विजयराघवगढ़ एवं डॉ. आरती तिवारी पशु चिकित्सक बिलहरी ने अपना व्याख्यान दिया। जिसमें डॉ गायत्री राव ने डेयरी फार्मिंग में किस प्रकार मिल्क प्रोडक्शन कंजंक्शन दुग्ध उत्पाद से अपना स्वरोजगार खोल सकते हैं के बारे में बताया डॉक्टर जेपी लखेर ने विभिन्न पशुपालन की सरकारी योजनाओं के लाभ के बारे में बताया सरकारी योजनाओं से लाभ लेकर अपना स्वरोजगार कैसे शुरू कर सकते हैं बीमा, लोन इत्यादि के बारे में बताया विभिन्न योजनाएं जैसे आचार्य विद्यासागर योजना नंदी झालायोजना बकरी पालन योजना बीमा योजना इत्यादि डॉ. आरती तिवारी ने बकरी पालन के क्षेत्र में कैसे स्वरोजगार शुरू करे उससे संबंधित विभिन्न जानकारी प्रदान की यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. श्रीमती सुषमा श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुआ। इस कार्यक्रम का संचालन डॉ सुमन पुरवार द्वारा किया गया एवं डॉक्टर सरिता विश्वकर्मा के द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में धीरज डकोनिया श्रीमती ज्योति सोनी श्रीमती ज्योति ताम्रकार प्रकोष्ठ प्रभारी एवं समस्त महाविद्यालय स्टाफ एवं छात्र छात्रा उपस्थित रहे।

# अनेक पंचायतों में हुआ शतप्रतिशत टीकाकरण

**बहोरीबंद की 8, रीठी व बड़वारा जनपद की 4-4 ग्राम पंचायतों ने अपनाया कोविड सुरक्षा चक्र**

**कटनी।** कोविड से संपूर्ण सुरक्षा को लेकर जिले में लगातार वैक्सीनेशन अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर टीमें लगातार केन्द्रों के साथ ही घर-घर जाकर भी लोगों को वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित कर रही हैं। दिसंबर माह के अंत तक जिले में शत प्रतिशत वैक्सीनेशन कराया जाना है और इसको लेकर वैक्सीनेशन टीमें काम कर रही हैं। जिले की ग्राम पंचायतों ने जागरूकता दिखाते हुए प्रथम व द्वितीय डोज का शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया है। जिले की बहोरीबंद जनपद पंचायत की 79 ग्राम पंचायतों में प्रथम डोज का शत प्रतिशत वैक्सीनेशन कार्य हो चुका था और जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत मसंधा, पहरूआ, कुम्हरवारा, पटोरी, मझगवां, पाकर, पिपरिया बाकल, बासन ने वैक्सीन की द्वितीय डोज का भी शत प्रतिशत लक्ष्य पूरा किया है। इसी प्रकार जनपद पंचायत बड़वारा की 66 ग्राम पंचायतों में प्रथम डोज का वैक्सीन पूर्ण हो चुका था। उसके साथ ही जनपद पंचायत क्षेत्र की 4 ग्राम पंचायत बड़ागांव, करेला, परसवारा, विलायतखुर्द के रहवासियों ने संपूर्ण कोविड सुरक्षा चक्र अपनाया है। जिले की जनपद पंचायत रीठी की 56 ग्राम पंचायतों ने प्रथम डोज का वैक्सीनेशन करा लिया था और उसके साथ ही अब जनपद पंचायत की ग्र्राम पंचायत पिपरिया परौहा, देवरीकला, पटौंहा, लालपुरा में द्वितीय डोज वैक्सीनेशन के साथ लोगों ने संपूर्ण सुरक्षा चक्र को अपनाकर जागरूकता का परिचय दिया है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने संपूर्ण जिलेवासियों से वैक्सीनेशन के संपूर्ण डोज लेने की अपील की है।

## सबसे पहले मतदान थीम पर रंगोली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**मतदाताओं को किया गया जागरूक, दिलाई गई शपथ**

**कटनी।** त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन में मतदान प्रतिशत बढ़ाने मतदाता जागरुकता की गतिविधियों का आयोजन प्रारंभ किया जा चुका है। जिसके माध्यम से निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाताओं को मतदान के लिये प्रोत्साहित करने उन्हें जागरुक किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत जिले के समस्त विकासखण्डों के आंगनबाड़ी केन्द्रों में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 'सबसे पहले मतदान' की थीम पर आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं युवतियों द्वारा प्रतिभागिता की गई। महिलाओं ने आकर्षक रंगोली के माध्यम से मतदान के महत्व को प्रदर्शित किया एवं मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं को मतदाता जागरूकता एवं लोकतंत्र में समान भागीदारी संबंधी शपथ भी दिलाई गई। रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन विशेषकर महिला मतदाताओं को जागरूक करने एवं लोकतंत्र में उनकी भागदारी को बढ़ावा देने के उदेदश्य से किया गया।

## जन समस्याओं को लेकर आंदोलन छेड़ेगी जिला इंटक परिषद




**अध्यक्ष बीएम तिवारी की मौजूदगी में हुई बैठक में लिया निर्णय**

**कटनी।** गत दिनों जिला इंटक परिषद की बैठक अध्यक्ष बीएम तिवारी की अध्यक्षता में काफी हाउस में संपन्न हुई। बैठक में जिला कार्यकारणी के समस्त पदाधिकारी एवंम सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में पूर्व निर्धारित आंदोलन के संबंध में चर्चा हुई, महंगाई, बेरोजगारी, निजीकरण सहित जिले की ज्वलंत समस्या को लेकर विस्तार से वक्ताओं ने विचार रखे। सभा को इंटक परिषद के महासचिव एस के शुक्ला, राजा जगवानी, के. सी. रजक, मुस्ताक अहमद, पंडित राम नरेश त्रिपाठी, श्याम शर्मा, रमाकांत पाठक, रमजान भारती, श्याम तिवारी, नवनीत चतुर्वेदी, डी. आर. सिहोटे, के. सी. रजक, महेंद्र शर्मा, शंकर सेन, कालुदास बैरागी, देवीदिन गुप्ता, अनन्त तिवारी, सुजीत द्विवेदी, शिवकुमार यादव, अशोक कुमार पाठक, पी एन पठारिया, जहाआरा बैगम, विजय पटेल, संजय गौरा, मीनाक्षी वल्लवी, रजनी वर्मा, सीमा यादव, सुमन सैनी ने संबोधित करते हुए मजदूरों एवं कर्मचारियों की समस्याओं पर प्रकाश डाला। बैठक में के एल पांडे, ओमप्रकाश तपा, संजय खरे, श्रीकांत शुक्ला, कमल सिंह ठाकुर, बद्री यादव, गिरधारी लाल स्वर्णकार, परसोत्तम गोतम, श्याम गुप्ता सहित तमाम पदाधिकारी उपस्थित थे। निर्णय लिया गया कि सभी समस्याओं को लेकर कलेक्टर के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति एवं राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा जाएगा एवं अचार संहिता हटने के बाद व्यापक रूप देकर आंदोलन किया जाएगा। बैठक का संचालन पंडित हरिशंकर शुक्ला एवं आभार प्रदर्शन अफसर हुसैन ने किया।

## स्वच्छ इनोवेटिव टेक्नोलॉजी चैलेंज प्रतियोगिता का आयोजन

**31 दिसंबर तक ली जाएंगी प्रविष्टियां**

**कटनी।** निगम प्रशासन द्वारा स्वचछ सर्वेक्षण-2022 के तहत इनोवेटिक टेक्नोलॉजी चैलेंज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। आयोजित प्रतियोगिता में नागरिकों, एन.जीओ, एवं विभिन्न नागरिक समूहों द्वारा प्रविष्टियां आमंत्रित की जा रही है। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे नें नगरवासियों से अपील करते हुए कहा है कि यदि आपके पास भी गीले एवं सूखे कचरे के प्रबंधन एवं उसकी निगरानी हेतु कोई टेक्नोलॉजी या एप्प है तो आप इस प्रतियोगिता के भागीदार बन कर कैश प्राईस जीत सकते है। प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को प्रथम पुरस्कार राशि रूपये 3100, द्वितीय पुरस्कार राशि रूपये 2100 तथा तृतीय पुरस्कार राशि रूपये 1100 से सम्मानित किया जावेगा। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु प्रविष्टियां 31 दिसंबर तक बेवसाइट के माध्यम से प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकते है। प्रतियोगिता के संबंध में अधिक जानकारी के लिए मोबाईल नंबर 7999923162 नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

## किसोनों का पंजीयन न हो पाने से नहीं हो पा रही धान खरीदी

**कटनी।** जिले में धान खरीदी के लिए स्थानीय स्तर पर किसानों का पंजीयन नहीं हो पाने पर इसे अधिकारियों की विफलता करार देते हुए मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं प्रवक्ता विक्रम खंपरिया ने प्रदेश सरकार पर किसान विरोधी होने का आरोप लगाया है। किसानों की पीड़ा उजागर करते हुए प्रदेश प्रवक्ता श्री खम्परिया ने बताया कि धान विक्रय हेतु किसानों द्वारा कराए गये पंजीयन के लिए पूर्व से एक विकल्प उपार्जन नीति पत्रिका के पृष्ठ क्रं. 14 पर स्पष्ट उल्लेखित है कि उपार्जन प्रारम्भ होने की तिथि से 15 दिवस तक ही पोर्टल पर पंजीयन ट्रांसफर का विकल्प किसानों को सहूलियत देने मौजूद रहता है जिससे अन्नदाता जिस केन्द्र पर सहूलियत हो सुविधा अनुसार अपनी फसल बेच सकता है इसके लिए उसे अपने पंजीयन को संबंधित धान उपार्जन केन्द्र पर स्थानांतरित कराना होता है वर्तमान में भी लगभग सभी जिलों सहित समूचे प्रदेश में कम ज्यादा ही सही मगर पंजीयन स्थानांतरण प्रक्रिया शुरू है मगर कटनी जिले में पंजीयन स्थानांतरण यहां के तानाशाह अधिकारियों की नादिरशाही की भेंट चढ़ गया और आज दिनांक तक पंजीयन स्थानांतरण प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी है जबकि धान उपार्जन केंद्र पर धान खरीदी प्रक्रिया शुरू हुए लगभग आधे से अधिक समय निकल चुका है और अन्नदाता सुदूर केन्द्र पर अधिक भाड़े के साथ कई-कई दिनों तक कड़कड़ाती ठंडी रातों में धान उपार्जन केन्द्र पर भूखा-प्यासा अपनी फसल बेचने के इंतजार में बाट जोहता रहता है । कांग्रेस नेता ने कलेक्टर को पत्र लिखकर किसान हित में पंजीयन स्थानांतरण प्रक्रिया शुरू करने की मांग की है।

**कांग्रेस प्रवक्ता ने सरकार एवं अधिकारियों पर लगाया किसान विरोधी होने का आरोप**

## सायना में मिल रहा शिक्षा के साथ मानव सेवा का संस्कार




**बच्चों को मिली एक निर्मल मुस्कान, बच्चों ने सीखे वस्तुएं खरीदने के ढंग**

**कटनी।** सायना इंटरनेषनल स्कूल, कटनी बच्चों को शिक्षा के साथ मानव सेवा की ओर भी प्रेरित करता हैं। इस कड़ी में सायना के प्राचार्य डॉ. आदित्य कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में कक्षा पहली व दूसरी के बच्चों ने अपनी कक्षा शिक्षिका सुश्री मोनिका दीवानी और श्रीमती महिमा सेमंस के साथ कोविड गाइड लाइन का पालन करते हुए बजरंग नगर में जाकर सुविधा विहीन बच्चों को वस्त्र, खिलौने, फल व चॉकलेट का वितरण किया। साथ ही आंगनबाड़ी केन्द्र में जाकर बच्चों को खिलौने देकर प्रोत्साहित किया। बच्चों ने अपनी शिक्षिकाओं के साथ दुकान में जाकर कुछ वस्तुएं खरीदीं और बिल प्राप्त किया। बच्चों ने कम पैसों में अपनी प्राथमिकता तय करके खरीदी करने का कौशल विकसित किया। दोपहर तक बच्चे प्रसन्नतापूर्वक स्कूल वापस आ गए।

## प्रियदर्शन गौर यूपी में कांग्रेस के केन्द्रीय पर्यवेक्षक बनाये गये

**कटनी।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी ने कटनी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियदर्शन गौर को उत्तर प्रदेश चुनावों के लिए केन्द्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। पिछले दिनों दिल्ली में देश भर से चुने हुए 125 नेताओं की बैठक लेकर उन्होंने यूपी के चुनावों को अहम बताते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी है। ज्ञातव्य है कि श्री गौर विधानसभा चुनाव में मुड़वारा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी भी रह चुके हैं। इसके पहले करीब 10 साल पूर्व दिल्ली में सोनिया गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की मौजूदगी में आयोजित सम्मेलन में अपनी बात रखने का अवसर मिला था। महासचिव प्रियंका गांधी के निर्देश पर यूपी चुनाव के दौरान वे अपना दायित्व निभाएंगे।





# तिलक कॉलेज में क्विज प्रतियोगिता

**कटनी।** त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2021 के दौरान प्रचार प्रसार की गतिविधियों के क्रियान्वयन हेतु 14 दिसंबर को शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मतदाता जागरुकता से समबन्धित प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें साक्षी दाहिया प्रथम, प्रीति कोरी द्वितीय एंव पुष्पेन्द्र काछी तृतीय स्थान पर रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. के खरे द्वारा की गयी। प्रतियोगिता का संचालन डॉ. सन्दीप कपूर एंव डॉ ज्ञानेन्द्र मोहन श्रीवास्तव द्वारा किया गया जिनका सहयोग डॉ. सचिन ताम्रकार ने किया। कार्यक्रम में डॉ. चित्रा प्रभात एंव अन्य शैक्षणिक संवर्ग की भूमिका सराहनीय रही।

## किसानों की समस्याओं को लेकर चौपाल में हुई चर्चा

**कटनी।** गत दिनों बरही के ग्राम हदरहटा में भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्षा बिहारीलाल निगम एवं जिला संयोजिका मनोरमा सिंह की उपस्थिति में बरही की ग्राम समीति द्वारा चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में किसान भाईयों को खाद, बिजली आपूर्ति, धान खरीदी में आ रही दिक्कतों आदि पर चर्चा की गई। साथ ही किसानों की अन्य समस्याओं के निराकरण को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया। बैठक में विजयराघवगढ़ तहसील अध्यक्ष अंजनी निगम, मोनू सिंह बरही तहसील संयोजक, रेखा सिंह बरही तहसील संयोजिका, रजनी सिंह, विनीत सिंह हदरहटा, मेवालाल कोरी सरपंच हदरहटा, संजय सिंह, पप्पू सिंह आदि की उपस्थिति सराहनीय रही।



# राजीव गांधी वार्ड में चला सामूहिक सफाई अभियान





**कटनी।** नगर पालिक निगम कटनी द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण -2022 की प्रतियोगिता में हिस्सेदारी कर नगर की सेफाई व्यवस्था हेतु निरंतर प्रयास किये जा रहे है। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में रोजाना नगरीय एवं उपनगरीय वार्डो के विभिन्न स्थलों की सफाई सहित एक वार्ड को चिन्हित किया जाकर सामूहिक दलेल के माध्यम से स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि वार्डवार आयोजित किये जा रहे स्वच्छता अभियान के तहत आज प्रातः सामूहिक दलेल के माध्यम से राजीव गांधी वार्ड में स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। अभियान के माध्यम से बैलटघाट कॉलोनी, सिंधई बगीचा के पास, अशोक कॉलोनी, मल्टी फ्लैट्स, चक्की वाली गली, रेल्वे कॉलोनी के पीछे की नालियों की सफाई कराई जाकर वार्ड की विभिन्न गलियों में झाडू का कार्य कराया जाकर कचरे के उठाव का कार्य किया गया।

नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था हेतु नागरिकों को सोर्स सेग्रीगेशन की जानकारी से अवगत कराया जाकर सफाई व्यवस्था में सहयोग प्रदान करानें हेतु अपील की जा रही है। सुगम यातायात व्यवस्था हेतु बरगवां मुख्य मार्गो में पानी की सिचाई उपरान्त झाडू लगाकर घूल मिट्टी की सफाई, नगर के विभिन्न सार्वजनिक मार्गो कुठला बस्ती, चाका काली मंदिर स्थित पुल के किनारे धूल मिट्टी की सफाई, बस स्टेण्ड, मिशन चौक, साधूराम स्कूल परिसर, राम जानकी हनुमान वार्ड एन.के.जे मुख्य मार्ग एवं मल्टीप्लस के सामनें, भट्टा मोहल्ला मुख्य मार्ग, बरगवां ओव्हर ब्रिज के नीचे, कार्यालय कलेक्ट्रेट के सामनें के डिवाईडर, विश्कर्मा प्वाइंट, मुख्य रेल्वे स्टेशन के बाहर मंदिर प्रांगण के आसपास, वंशस्वरूप वार्ड स्थित मुख्य मार्ग के किनारे फैले कचरे का जे.सी.बी मशीन से उठाव, पुलिस लाईन परेड ग्राउण्ड की सफाई का कार्य कराया जाकर डोर टू डोर कचरे के संग्रहण का कार्य किया गया। नगर के विभिन्न स्थलों की सफाई व्यवस्था के तहत लाल बहादुर शास्त्री वार्ड स्थित कछियाना मोहल्ला एवं वल्लभ नगर की नालियों, राम जानकी हनुमान वार्ड स्थित साहू जी के मकान के पास, कावस जी वार्ड भट्टा मोहल्ला गढडा टोला मलिन वंशकार बस्ती राजा कबाडी के सामने से बजरंग बली मंदिर तक, रंगनाथ थाने से भरत चौक, मंगलनगर पुलिया के बडे नाले, बाबा नारायण शाह वार्ड स्थित माधवनगर ग्राम पंचायत चौराहे के बडे नाले की जे.सी.बी मशीन से सफाई मानसरोवर कॉलोनी में जे.सी.बी मशीन से कच्ची नाली निर्माण एवं बागरी जी के घर के पास सीवर लाईन की सफाई का कार्य कराया गया।

## हाकर्स जोन के मुख्य मार्ग से हटाये अस्थाई कब्जे

**कटनी।** नगर की सुचारू यातायात व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए निगम के अतिक्रमण अमले द्वारा रोजाना दो पालियों में अभियान चलाकर मुख्य मार्गो के अस्थाई अतिक्रमण को हटानें की कार्यवाही की जा रही है। अतिक्रमण



प्रभारी एस.के. गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन मे आज प्रातः नगर के मुख्य मार्गो के किनारे अस्थाई अतिक्रमण कर व्यवसाय करनें वाले सब्जी वालों को हटानें की कार्यवाही सहित स्थाई दुकानदारों द्वारा दुकानों की सामग्री को दुकानों के अंदर रखकर ही विक्रय करनें की समझाईश मुनादी के माध्यम से दी जाकर मुडवारा स्टेशन समीप निर्मित हाकर्स जोन में फुटकर सब्जी वालों को बैठकर व्यवसाय करनें हेतु स्थल पर प्रकाश एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराकर स्थल पर निर्मित प्लेटफार्म पर बैठकर ही व्यवसाय करानें की कार्यवही की गई।

# वाहन चोर गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

## सवा 3 लाख रूपए कीमती 5 दोपहिया वाहन बरामद, कोतवाली पुलिस को मिली सफलता



कटनी। कोतवाली पुलिस ने वाहन चोर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से शहर के अलग-अलग स्थानों से चोरी गए लगभग सवा तीन लाख रूपए कीमती 5 दोपहिया वाहन बरामद किए हैं। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से शहर के अलग-अलग स्थानों से दोपहिया वाहन चोरी की वारदातें बढ़ी हैं। शहर में बेखौफ वाहन चोर गिरोह के सदस्य लगातार वारदातों को अंजाम दे रहे थे। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन ने मामले को संज्ञान में लिया है और संबंधित थाना प्रभारियों को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए चोरी की इन वारदातों के पीछे शामिल बदमाशों को पकड़ते हुए उनसे 10 दिनों में चोरी की गई 5 दोपहिया वाहनों को जप्त कर लिया है दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिने से सवा तीन लाख रुपये के दो पहिया वाहन जप्त किए गए हैं। बुधवार शाम कोतवाली थाना में आयोजित पत्रकारवार्ता में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया एवं सीएसपी शशिकांत शुक्ला ने बताया कि 14 दिसम्बर को उपनिरीक्षक धनंजय पांडे स्टाफ के साथ घूम रहे थे। खिरहनी फाटक के ओवर ब्रिज के पास से दोपहिया सवार 2 युवकों को पुलिस को देख भागने पर उनका पीछा कर गायत्री नगर से पकड़ा गया। पूछताछ में बताया कि गर्ग चौराहे से पार करने सहित 4 अन्य वाहन चोरी को स्वीकारा। आरोपी बड़वारा थाना अंतर्गत ग्राम मुहास नंबर 1 निवासी 34 वर्षीय गुड्डा उर्फ चेतन एवं चंडिका नगर कुठला निवासी दूसरे आरोपी 23 वर्षीय बजरंग उर्फ लाला निषाद ;23द्ध निवासी चंडिका नगर दोनों के घरों से 2-2 दोपहिया वाहन बरामद किए गए। 2 दिन पूर्व भी कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी से 4 वाहन जप्त किये थे। पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन ने पुलिस टीम को पुरस्कृत करने घोषणा की है।

### इनकी रही भूमिका

दो पहिया वाहन चोरों को पकड़ने में कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह, उपनिरीक्षक धनंजय पांडेय, अशोक उपाध्याय, सहायक उपनिरीक्षक दुर्गेश तिवारी, कप्तान सिंह, रामनाथ साकेत, प्रधान आरक्षक पवन सिंह, अजय मेहरा, सुनीता सैयाम, वीरेंद्र सिंह, अनिल सेंगर, वीरेंद्र तिवारी, पुष्पराज सिंह, आरक्षक पलाश दुबे, अजय सिंह, सिद्धनाथ पांडे, रोहित कुमार, मंटू यादव, मंसूर हुसैन, दिनेशचंद्र, सोमनाथ, सैनिक श्रवण मिश्रा की भूमिका रही।

## रेत का अवैध परिवहन करते ट्रेक्टर ट्राली जप्त, सिनगौड़ी में बरही पुलिस की कार्रवाई



**कटनी।** बरही पुलिस ने रेत के अवैध परिवहन करने के आरोप में ट्रेक्टर चालक को गिरफ्तार किया है और उसके कब्जे से रेत लोड ट्रेक्टर ट्राली जप्त की है। बरही थाना प्रभारी संदीप अयाची के मुताबिक मुखबिरों ने सूचना दी थी कि एक बिना नंबर के ट्रेक्टर से रेत का अवैध परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए ग्राम सिनगौड़ी के अंधे मोड़ के पास ट्रेक्टर को रोक कर चालक विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम खलेंदा निवासी 32 वर्षीय दुर्गेश पिता वीरन बर्मन से रेत के कागजात मांगे गए लेकिन वो रेत के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। जिसके बाद ट्रेक्टर ट्राली को मय रेत के जप्त कर थाने में खड़ा कराया गया। मामले में आरोपी चालक दुर्गेश बर्मन के विरूद्ध खान एवं खनिज अधिनियम 1957 की धारा 4,21 तथा भादवि की धारा 379 के तहत कार्रवाई की गई है। कार्रवाई में उपनिरीक्षक विष्णु शंकर जायसवाल, प्रधान आरक्षक अजय पाठक, आरक्षक अवधेश प्रताप सिंह व वाहन चालक आरक्षक रोहित सिंह की भूमिका रही।

# हिन्दू धर्म से विमुख हुए लोगों को घर वापसी का संकल्प दिलाया संघ प्रमुख भागवत ने

## जगदगुरू रामभद्राचार्य एवं साध्वी रितंभरा ने महाकुंभ के सफल आयोजन के लिए आचार्य रामचन्द्र दास एवं विधायक संजय पाठक की मंच से की प्रशंसा





**कटनी/चित्रकूट।** मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम की संकल्प भूमि पौराणिक एवं ऐतिहासिक तीर्थ स्थल चित्रकूट में चाहे पंथ अनेक हों, हम सब हिंदू एक हों के लक्ष्य को लेकर हिन्दू एकता महाकुम्भ का आज आयोजन हुआ, जिसमें संपूर्ण भारत से आए साधु संत के साथ साथ पांच लाख भारतवासीयों ने मिलकर हिंदुत्व का उत्सव मनाया और कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों और हिन्दू धर्म के विद्वानों से हिंदुत्व का सार जान जनसंख्या नियंत्रण कानून, लव जिहाद, जैसे महत्वपूर्ण विषयों सहित हिंदू आस्था से जुड़े 12 महत्वपूर्ण बिंदुओं की चर्चा की है। हिंदू एकता महाकुम्भ कार्यक्रम में सर्व प्रथम उपस्थित संत महात्माओं का आयोजक मंडल की तरफ से आचार्य रामचंद्र दास, जय महाराज एवं कार्यक्रम के प्रधानसेवक विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने स्वागत अभिनंदन किया। चित्रकूट में हिंदू एकता महाकुंभ को संबोधित करते हुए अनेकों महंतों ने विषयों पर मंथन के पश्चात हिंदू समाज के संगठित होने को लेकर अपने अपने विचारो रखा कहा कि कलयुग में एकता की शक्ति हैए इसलिए हमें अहंकार, स्वार्थ छोड़कर काम करना पड़ेगा। महाकुंभ में संघ प्रमुख मोहन भागवत ने हिंदू संस्कृति के संरक्षण और हिंदू धर्म से गए लोगों की घरवापसी के लिए लिए संकल्प दिलाया। आरएसएस चीफ ने महाकुंभ में मौजूद लोगों को संकल्प दिलाते हुए कहा कि हिंदू धर्म छोड़कर गए भाई-बहनों की घर वापस कराएं और उन्हें अपने परिवार का हिस्सा बनाएं। साथ ही अब किसी भी हिंदू को धर्म से विमुख नहीं होने दें। इस दौरान उन्होंने धर्माबलंबियों को हिंदू बहनों की अस्मिता और सम्मान की रक्षा करने की भी प्रतिज्ञा दिलाई। हिंदू एकता महाकुंभ में जगदगुरू रामभद्राचार्य महाराज ने इस महाकुंभ के सफल आयोजन के संकल्प को मेरी दो आंखों के समान शिष्यों मेरे उत्तराधिकारी रामचन्द्र दास, जय महाराज एवं संजय पाठक ने पूरा करने में अथक परिश्रम किया है उन्होंने कहा कि हमने हिंदुओं के हितों की शुरुआत कर दी है। अयोध्या यज्ञ से काशी के बाद अब मथुरा की बारी है। इस आयोजन में हिंदुओं के साथ हो रहे अन्याय, मठ मंदिर की सुरक्षा, धर्मांतरण पर रोक, जनसंख्या नियंत्रण, राष्ट्रवाद और समान नागरिक संहिता, लव जिहाद, गोरक्षा, सामाजिक समरसता जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। साध्वी रितंभरा ने भी मंच से आचार्य रामचन्द्र दास एवं प्रधान सेवक संजय पाठक की प्रशंसा की। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन करते हुए महाकुंभ आयोजन के प्रधानसेवक विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने देश के अलग अलग क्षेत्रों से आए संत महात्माओं महामंडलेश्वरों के साथ साथ संघ प्रमुख मोहन भागवत एवं सनातनधर्म मानने वाले सभी आनंतुकों का धर्म को नई दिशा विचार देने आने के लिए आभार व्यक्त किया।

### चित्रकूट में हिन्दू एकता महाकुंभ का समापन

# अवैध वेंडरों पर कार्रवाई के लिए चार विशेष टीमों का गठन

## अभियान चलाकर अवैध वेंडरिंग की कमर तोड़ने के निर्देश, अब तक 172 अवैध वेंडर गिरफ्तार





**कटनी।** कोरोना की रफ्तार कम पड़ने के बाद ट्रेनों ने रफ्तार पकड़ ली है और ट्रेनों का परिचालन शुरू होने के बाद प्लेटफार्मों से लेकर ट्रेनों तक में व्यापक पैमाने में अवैध वेंडरिंग भी होने लगी है। अवैध वेंडरों की बढ़ती संख्या को पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता व मंडल रेल प्रबंधक संजय विश्वास ने गंभीरता से लिया है तथा अवैध वेंडरों पर कार्रवाई के लिए चार विशेष टीमों का गठन किया है। ये टीमें जबलपुर रेल मंडल के कटनी सहित दूसरे स्टेशनों व प्लेटफार्मों में छापा मारकर अवैध वेंडरों के विरूद्ध कार्रवाई कर रही हैं। वहीं आरपीएफ पोस्ट प्रभारियों को रेलवे स्टेशनों व ट्रेनों में चैकिंग कर अवैध वेण्डरों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। विशेष टीमों के द्वारा 1 दिसंबर से लेकर 14 दिसंबर तक अभियान चलाकर कटनी सहित जबलपुर, सतना, पिपरिया, नरसिंहपुर, मैहर, दमोह पर विशेष चैकिंग की गई। इस दौरान इन स्टेशनों के प्लेटफार्म व यहां से गुजरने वाली सभी यात्री गाड़ियों में चैकिंग की गई। चैकिंग के दौरान 172 अवैध वेण्डर अवैध रूप से यात्रियों को खाद्य सामग्री बेचते हुये पकड़े गये। जिनसे खाद्य सामग्री को जप्त किया गया और उनके विरूद्ध रेल अधिनियम की धारा 144, 137 के तहत प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद सभी अवैध वेंडरों को रेलवे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। अवैध वेण्डरों के विरूद्ध यह अभियान लगातार जारी रहेगा। सभी कर्मचारियों व अधिकारियों को अवैध वेण्डरों के विरूद्ध लगातार कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है।

## फिर भी नहीं थम रही अवैध वेंडरिंग



रेल प्रशासन की लाख कोशिशों के बावजूद रेलवे स्टेशनों के प्लेटफार्म व ट्रेनों में अवैध वेंडरिंग थमने का नाम नहीं ले रही है। खासकर कटनी क्षेत्र में अवैध वेंडर व उनको संरक्षण प्रदान करने वाले लोग बेखौफ हो चुके हैं। उनकों न तो जीआरपी व आरपीएफ का भय है और न ही पमरे प्रशासन द्वारा गठित विशेष टीमों का डर लग रहा है। कटनी से दमोह, शहडोल व सिंगरौली रेलखंड पर चलने वाली ट्रेनों में बेखौफ होकर खाने के पार्सल चढ़ाए जा रहे हैं। गौरतलब है कि जबलपुर से आई विशेष टीम एक माह के अंदर ही मुड़वारा स्टेशन के एक केटरिंग लाइसेंसी व उसके कर्मचारियों को ट्रेनों में अवैध रूप से खाने के पार्सल ट्रेनों में चढ़ाते हुए पकड़ चुकि है। इसके बावजूद कटनी व उसके आसपास अवैध वेंडरिंग कम नहीं हो रही है।

## नाबालिग छात्रों में विवाद, दो गर्म तेल से जले

**कटनी।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गोलबाजार में दो विद्यार्थियों में पुरानी रंजिश को लेकर जमकर विवाद हुआ है। बताया जा रहा है कि एक विद्यार्थी ने दूसरे विद्यार्थी पर हमला कर दिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र निवासी एक 17 वर्षीय युवक पर माधवनगर थाना क्षेत्र के एक युवक ने गोलबाजार स्थित महेंद्र डोसा के यहां विवाद करने लगा। विद्यार्थी ने दूसरे छात्र से मारपीट करने लगा और विवाद बढ़ गया। इस दौरान धक्का देने से एक विद्यार्थी सोमेसे की गर्म कढ़ाई से भिड़ गया। जिससे गर्म तेल उसके ऊपर व होटल के कर्मचारी विवेक कुमार गुप्ता सहित कोतवाली क्षेत्र का किशोर झुलस गया है। थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।


पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

होटल स्वास्तिक
चाका तिराहा
विजयराघवगढ़ रोड, कटनी
सर्वसुविधियुक्त कमरे मासिक किराये पर उपलब्ध हैं
मो. 7415349183

देवपद स्किन एवं हेयर क्लीनिक
डॉ. कनिका अग्रवाल
M.B.B.S. D.D.V. (Mumbai)
सौन्दर्य एवं चर्मरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल मुम्बई
कील मुहॉसे, दाद, खाज, खुजली, एलर्जी, टेनिंग, सफेद दाग, कुष्ठ रोग, मस्सा, तिल, कार्न वार्ट, सोराएसिस, एक्जीमा, एंटी एजिंग, नाखुन के रोग, बाल झड़ना, शिशु चर्मरोग, कान की सिलाई, पी.आर.पी केमिकल पीलिंग, मेडिफेशियल, डर्मारोलर
मिलने का समय-सुबह 9:30 बजे से दोप.11:30 बजे तक एवं सायं 4:30 बजे से सायं 7:30 बजे तक।
महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274


टैरो क्वीन
राजुल मिश्रा द्वारा
टैरो कार्ड्स रीडिंग
सोमवार से शुक्रवार-दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक
दूसरी मंजिल, डॉ. नेमा क्लीनिक, आजाद चौक, कटनी
संपर्क करें- 9343945285

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोनः 230033

रत्ना मैरिज गार्डन
मुड़वारा स्टेशन के पास
शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर
बजट आपका व्यवस्था हमारी
एक बार अवश्य पधारें
शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से
पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था

पाठक वार्ड, कटनी
संपर्क :- 9425466630, 7999523588
शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेंस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान
कोरोना गाइड लाइन के तहत ही सभी कार्यक्रम का आयोजन होगा

JOHNSON
Not just tiles, Lifestyles.

Get Floored with Marbonite Bestsellers
सभी प्रकार के ग्रेनाइट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ
मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

CITY Mall
EVERYTHING UNDER ONE ROOF
AVAILABLE FACILITIES
SHOPPING FUN FOOD ENTERTAINMENT HOSPITALITY
ASSOCIATED WITH
BIG BAZAAR Reliance digital TRENDS PLANET FASHION U-TURN BOLSA GALAXY GAME ZONE CITY PRIDE Cinema Food Junction The Food Court HOTEL GRAND MERIDIAN FLAVOURS Multi Cuisine Family Restaurant GRAVITY THE PUB
City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni (M.P.)
Phone : +91 7622 422408, email : citymallkatni@gmail.com



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)